Title: Need to effectively implement Malaria Eradication Programme in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र लोहरदगा में मचछरों की भरमार और इनसे फैल रही बीमारियों की तरफ सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। यहां पर कई सालों से डी.डी.टी. नहीं छिड़की गई, जिसके कारण एक-एक गांव में मलेरिया से औसत चार आदमी हर र्वा मर रहे हैं। लोग जो बाजार से दवाएं लेते हैं वे भी असर नहीं कर रही हैं। उनकी शुद्धता पर कई संदेह हैं। पिछले र्वा भी सैकड़ों लोग इसी मलेरिया से मारे गए हैं, क्योंकि यह क्षेत्र आदिवासी इलाके में पड़ता है, जिसके कारण अखबार वालों की नजर उस पर कम जाती है। कुओं पर कई सालों से दवाएं नहीं डाली जा रही हैं।

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करता हूं कि इस बात की जांच करवाएं कि केन्द्र सरकार द्वारा जो दवाएं दी जा रही हैं, वह लोगों को मिल रही हैं या नहीं और जो बीमारियों को रोकने के लिए योजनाएं चल रही हैं, वे ठीक प्रकार से चल रही हैं या नहीं। अगर नहीं, तो दोाी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।